देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 14.03.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड में रंग, संगीत और उल्लास के साथ होली का उत्सव मनाया जा रहा है।
- देहरादून में पिछले ढाई माह में 310 निष्क्रिय निगरानी कैमरों को फिर से क्रियाशील किया गया।
- सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – वेव्स प्लेटफॉर्म विभिन्न क्षेत्रों के नए युग के कलाकारों को सशक्त बनाएगा।
- राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश और अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

होली

उत्तराखंड में फाल्गुनी उमंग और रंगों का उत्सव आज पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही मंदिरों और घरों में विशेष पूजा–अर्चना के साथ होली के पर्व की शुरुआत हो चुकी है।

कुमाऊं में बैठकी होली और खड़ी होली के पारंपरिक स्वर अब अंतिम पड़ाव पर हैं, वहीं गढ़वाल में लोकगीतों की धुन पर लोग एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाने की तैयारियों में जुटे हैं। अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के मंदिरों और चौपालों में भजन–कीर्तन के साथ होली की शुरुआत हो रही है।

देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश में लोग एक–दूसरे को बधाइयां देने के लिए घरों से निकलने लगे हैं। बच्चों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है, जो पहले से ही रंग–गुलाल और पिचकारियों के साथ तैयार हैं।

इससे पहले कल बाजारों में भी लोगों की भारी भीड़ रही, लोग मिठाइयों और रंगों की खरीददारी के लिये घरों से निकले।

इस बीच, प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके।

होलिका दहन

इससे पहले कल रात, पारंपरिक आस्था और हर्षोल्लास के साथ होलिका दहन का आयोजन किया गया। प्रदेशभर में मंदिरों, चौपालों और प्रमुख चौराहों पर भक्तों ने अग्नि के चारों ओर परिक्रमा कर सुख–समृद्धि की

कामना की। पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर मैदानी इलाकों तक होलिका दहन के आयोजन पूरे भक्तिभाव से संपन्न हुए।

देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, नैनीताल और अल्मोड़ा सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में रात के समय लोगों ने एकत्र होकर होलिका दहन की परंपरा निभाई। ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ होली के गीत गाए गए। गढ़वाल में स्थानीय देवी–देवताओं की विशेष पूजा–अर्चना के बाद होलिका दहन किया गया। उधर, ऋषिकेश में पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने मिलकर इस पर्व को धूमधाम से मनाया।

होली संदेश

इस बीच, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को रंगो के त्योहार होली की बधाई और शुभकामनांए दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने आम जनता से इस वर्ष होली का त्यौहार पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के साथ मनाने का आह्वान किया है।

जनसुरक्षा

देहरादून में जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने स्मार्ट सिटी के तहत लगे निगरानी कैमरों को सक्रिय करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के नेतृत्व में बीते ढाई माह में 310 निष्क्रिय कैमरों को फिर से क्रियाशील किया गया है।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का चार्ज संभालते ही जिलाधिकारी ने शहर में लगे 950 कैमरों की गहन समीक्षा की, जिसमें 375 कैमरे निष्क्रिय पाए गए। लगातार हुई बैठकों और कंपनियों पर सख्ती के बाद 310 कैमरों को सक्रिय कर दिया गया, जबकि शेष कैमरों को 15 अप्रैल तक ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री बंसल ने कैमरों की स्थिति में तय समय सीमा में सुधार न होने पर कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी है। गौरतलब है कि पिछले माह राजपुर रोड सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर 60 कैमरे पुनः संचालित किए गए थे, जिनकी मदद से बुधवार रात में हुई एक हिट एंड रन दुर्घटना का जल्द खुलासा हो सका। इसके अलावा, शहर में पुलिस के 150 कैमरों को पहली बार स्मार्ट कंट्रोल रूम से एकीकृत किया गया है।

पलटन बाजार में भी 22 नए कैमरे लगाए गए हैं, जिससे इलाके में अव्यवस्था फैलाने वाले तत्वों पर नजर रखी जा सकेगी। प्रशासन का कहना है कि इन उपायों से शहर की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी, जिससे अपराधों की रोकथाम और कानून–व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

क्वालिटी कनेक्ट कैंपिंग

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) देहरादून द्वारा राजधानी में तीन दिन बीआईएस क्वालिटी कनेक्ट कैंपिंग का आयोजन किया गया। यह अभियान विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुणवत्ता मानकों, बीआईएस प्रमाणन और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

अभियान के दौरान सरकारी विभागों, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न हितधारकों के सहयोग से जागरूकता सत्र और बैठकें आयोजित की गईं। पहले दिन सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, पिथुवाला में छात्रों को उपभोक्ता अधिकारों पर जानकारी दी गई, जबकि जिला प्रशासन और सामाजिक कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा हुई। दूसरे दिन कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, एनआरएलएम और जिला प्रशासन के अधिकारियों से संवाद स्थापित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। आखिरी दिन महानिदेशक स्वास्थ्य, एनसीसी मुख्यालय और समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठकें हुईं, जिसमें उपभोक्ता जागरूकता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अभियान को व्यापारियों, शिक्षकों और छात्रों का सकारात्मक समर्थन मिला। उपभोक्ताओं ने बीआईएस प्रमाणन के महत्व को समझा और गुणवत्ता नियंत्रण को लेकर अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता महसूस की।

वेव्स

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वेव्स प्लेटफॉर्म विभिन्न क्षेत्रों के नए युग के कलाकारों को सशक्त बनाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि यही वेव्स की मूल अवधारणा है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत की स्थिति बहुत ही अनोखी है। श्री वैष्णव ने कहा कि देश में एक अरब से अधिक लोगों के पास मोबाइल फोन हैं और लोगों ने डिजिटलीकरण को अपनाया है।

मौसम

उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश की संभावना है, जिसका दौर 17 जनवरी तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले तीन दिनों तक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के अनेक हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस अवधि के दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में भी कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में इन तीन दिनों के दौरान बर्फबारी होने का अनुमान भी है।

इस बीच, मौसम विभाग ने नैनीताल और देहरादून में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी की संभावना जताई है। इसके अलावा, राज्य में कहीं–कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने की चेतावनी भी जारी की गई है।

उपलब्धि

दुनिया की सबसे बड़ी घरेलू सौर ऊर्जा पहल– पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना ने 10 लाख लाभार्थियों के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष फरवरी में शुरू हुई इस पहल के अंतर्गत छह लाख से अधिक लाभार्थियों को सब्सिडी के रूप में चार हजार सात सौ 70 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है।

यात्रा मार्ग अवरूद्ध

रुद्रप्रयाग जिले में गौरीकुंड–केदारनाथ पैदल मार्ग पर भारी बर्फबारी और विशाल हिमखंडों के चलते यात्रा मार्ग अवरुद्ध हो गया है। निरीक्षण के लिए भेजी गई तीन सदस्यीय टीम छोटी लिनचोली से आगे नहीं बढ़ सकी, जहां चार फीट से अधिक बर्फ जमा है। इस कारण केदारनाथ तक पैदल आवाजाही फिलहाल संभव नहीं है।

राजस्व उप निरीक्षक राजीव नखोलिया और लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता जय मखलूगा व योगेंद्र सिंह रावत ने हालात का जायजा लिया। जंगलचट्टी से छोटी लिनचोली तक मार्ग पर आधे से तीन फीट तक बर्फ मिली, जबकि टीएफटी चट्टी के पास विशाल हिमखंड, मार्ग को अवरुद्ध कर रहे हैं। हिमखंड जोन में बर्फ खिसकने का खतरा भी बना हुआ है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता विनय झिक्वांण ने बताया कि गौरीकुंड से छोटी लिनचोली तक रास्ता सुरक्षित है, हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की टूट–फूट हुई है, जिसकी जल्द मरम्मत होगी।

इस बीच, लोक निर्माण विभाग ने यात्रा मार्ग पर बर्फ हटाने का काम शुरू कर दिया है। पहले चरण में लगभग अस्सी श्रमिकों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है, जो 20–20 के समूह में सफाई करेंगे। मौसम अनुकूल रहा तो अप्रैल के पहले सप्ताह तक रास्ते से बर्फ हटा दी जाएगी, जिसके बाद केदारनाथ धाम तक आवाजाही सुचारू करने के लिए चरणबद्ध सफाई अभियान चलेगा।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

तमिलनाडु सरकार के बजट में रुपए के प्रतीक बदलने की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अमर उजाला लिखता है– तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन की सरकार ने वित्त वर्ष 2025–26 के बजट में भारतीय रुपए लोगो की जगह तमिल अक्षर का इस्तेमाल किया, भाजपा ने स्टालिन को मूर्ख करार दिया। दैनिक जागरण इसी ख़बर पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन के हवाले से लिखता है– तमिलनाडु सरकार का यह कदम खतरनाक मानसिकता का संकेत है, जो राष्ट्रीय एकता को कमजोर करता है।

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मार्गन स्टेनली ने कहा है कि वर्ष 2028 में भारत तीसरी सबसे बडी इकोनॉमी होगी। इस ख़बर को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र एजेंसी मार्गन स्टेनली के हवाले से लिखता है– भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 में तीन हजार पांच सौ अरब डॉलर थी, 2028 में अर्थव्यवस्था पांच हजार सात सौ अरब डॉलर तक हो जाएगी।

देहरादून में भू–कानून उल्लंघन पर दो सौ हेक्टेयर जमीन कब्जे में ली। हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार भू–कानून के उल्लंघन से जुड़े कुल दो सौ अस्सी मामलों में अब तक की जा चुकी है सख्ती।

और, गैरसैंण, पुरोला, त्यूणी और हल्दूचौड़ महाविद्यालय में होगा भवन का निर्माण। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है– भवन निर्माण के लिये दो करोड़ चार लाख रुपए स्वीकृत।